भारतीय वाङ्मय

हिन्दी तथा अहिन्दीभाषी क्षेत्रों के साहित्यिक-सांस्कृतिक समाचारों की मासिक पत्रिका

वर्ष 5 | **नवम्बर** 2004 | **अंक** 11

किताबों की धरोहर

ये किताबें सँभाल कर रखिये।
रत्ननिधि ये निखार कर रखिये।
गंध महकेगी इन किताबों की,
आग दहकेगी इन किताबों की,
ये सतत साधना अमर फल हैं,
बाना अपना बहार भर रखिये॥
इनके भीतर अमिट उजाला है,
नीति नवनीत का निवाला है
कल के मौसम का क्या ठिकाना है,
दीप की लौ उबार कर रखिये॥
लक्ष्य पाना सदा ही सिखायेंगी
हर अमीरी जहाँ भिखारिन सी,
देव मन्दिर बुहार कर रखिये
मोल इनका इसे जमाने में,
युग गये ज्ञान की गंगा लाने में।
इनमें परछाइयाँ झलकती है,
अंशु शीशा सँवार कर रखिये
संधि की, युद्ध की कहानी है,
मौन वाचाल, आग पानी हैं
प्रश्न होंगे, जवाब भी देगी,
अपना आगत सुधार कर रखिये।
ये किताबें सँभालकर रखिए,
रत्ननिधि ये निखार कर रखिए।

— **वीरेन्द्रप्रकाश गुप्त 'अंशुमाली',** लखनऊ

बेचारा हिन्दी अध्यापक

मैं हिन्दी का अध्यापक हूँ
मेरी लंबी चुटिया है
है बंद गले का कोट
गोल टोपी
लंबा सिर पूरा तन
मैं खम्भा सदृश
चलायमान युग में
खड़ा हुआ अविचल
अपने कॉलिज के घेरे में
पंडिज्जी कहकर व्यापक हूँ
मैं हिन्दी का अध्यापक हूँ।

— **गोपालप्रसाद व्यास**

पुस्तकों की सरकारी खरीद का गोरखधंधा

प्रतिवर्ष प्रदेश सरकारें तथा केन्द्र के अनेक विभाग विभिन्न योजनाओं के अन्तर्गत करोड़ों रुपये की पुस्तकें खरीदते हैं। हर एक की पुस्तक चयन और क्रय की प्रक्रिया अलग-अलग है। राज्य स्तर पर यह प्रक्रिया गोरखधंधा बन गयी है।

पुस्तक क्रय की प्रक्रिया भयावह भ्रष्टता की ओर बढ़ती जा रही है। गतवर्ष छत्तीसगढ़ सरकार के राजीव गाँधी शिक्षा मिशन ने प्रकाशकों से सर्वशिक्षा अभियान के अन्तर्गत पुस्तकालयों हेतु पुस्तकें क्रय करने हेतु प्रत्येक पुस्तक की पाँच-पाँच प्रतियाँ नि:शुल्क और प्रत्येक टाईटिल के लिए पचास रुपये प्रोसेसिंग शुल्क जमा कराये। लाखों रुपये सरकार को इस प्रोसेसिंग शुल्क से प्राप्त हो गये, पर बहुत से प्रकाशकों द्वारा सबमिट की गई पुस्तकों के पैकेट भी नहीं खुले और कुछ विशेष प्रकाशकों और माफिया समूह को पुस्तकों के आदेश हो गये।

इस वर्ष यही कहानी मध्यप्रदेश में दुहरायी गयी। राज्य साक्षरता मिशन प्राधिकरण म०प्र० में ग्रामीण पुस्तकालयों हेतु पुस्तकों के चयन हेतु पुस्तकें आमंत्रित की गयी। इस सन्दर्भ में समाचार पत्र में संक्षिप्त विज्ञापन प्रकाशित हुआ जिसमें वेबसाइट से विस्तृत जानकारी प्राप्त करने का निर्देश हुआ। इसके अनुसार प्रत्येक प्रकाशक को अधिकतम 10 पुस्तकें प्रस्तुत करनी थीं। प्रत्येक पुस्तक के लिए समीक्षा शुल्क स्वरूप 40 रुपये रेखांकित ड्राफ्ट द्वारा जमा कराये गये। यह सारी प्रक्रिया पूरी कर नियमित-अनियमित प्रकाशकों ने लगभग 14000 पुस्तकें और 5,60,000 रुपये समीक्षा शुल्क स्वरूप जमा कराये।

यहाँ भी छत्तीसगढ़ की कहानी दुहरायी गयी। प्रस्तुत किये गये पैकेटे खुले नहीं, समीक्षा हुई नहीं और कुछ राजनीतिक प्रभाव वाले और माफिया समूह जिनको कुछ प्रकाशकों ने अपना ठीकेदार नियुक्त कर रखा है चटपट आदेश हो गये। दो सौ तथाकथित प्रकाशकों को आदेश निर्गमित किये गये, ऐसे प्रकाशकों को जिन्होंने सरकारी थोक खरीद के लिए 30-40 फर्म बना रखे हैं, जिनका अस्तित्व केवल आदेश प्राप्त करने के लिए है। संयोग से इस खरीद के नियामक भी वही अधिकारी थे जो उस समय छत्तीसगढ़ में थे। यह कैसी विडम्बना है कि हमारे देश की सरकार सर्वशिक्षा अभियान द्वारा सबको शिक्षित करने की महत्वाकांक्षी योजना कार्यान्वित करने का प्रयास कर रही है, उसका क्या स्वरूप बनता जा रहा है।

वेबसाइट पर क्रय-योजना का विवरण दिया जाता है, क्या वेबसाइट पर यह भी बताया जायगा कि किस प्रकाशक की कौन-कौन-सी पुस्तकें कितनी प्रतियों में खरीदी गयीं। देश की जनता को सूचना का अधिकार है या नहीं?

माननीय मनमोहन सिंह की केन्द्र सरकार क्या ऐसे कारनामों की जाँच करायेगी ?

दुनियाभर के देशों की ईमानदारी और बेईमानी का लेखा-जोखा रखनेवाली अन्तर्राष्ट्रीय संस्था ट्रांसपरैंसी इण्टरनेशनल ने सर्वाधिक भ्रष्टतम देशों में भारत को 56वाँ स्थान दिया है और स्वच्छ प्रशासन की सूची में 90वाँ गौरवशाली स्थान प्रदान किया है। ऐसे ही चलता रहा तो वर्ष प्रतिवर्ष स्वच्छता और भ्रष्टता की सूची में सर्वोच्चता की ओर बढ़ते रहेंगे।

शेष पृष्ठ 2 पर

पृष्ठ 1 का शेष

कब हमारे देश के प्रशासन में पारदर्शिता आयेगी? महात्मा गाँधी के देश के कर्णधारों क्या कुछ विवेक शेष है?

पुस्तक प्रकाशन एक बौद्धिक कार्य है, प्रतिष्ठान में प्रकाशन कार्य के लिए अनेक बुद्धिजीवी निरन्तर कार्यरत होते हैं। वे नियमित रूप से अनेक महत्त्वपूर्ण ग्रन्थ प्रकाशित करते हैं, ऐसे अनेक ग्रन्थ जिनके पाठक बहुत कम होते हैं किन्तु वे ज्ञान की धरोहर हैं। क्या पुस्तकों के आदेश करते समय प्रकाशकों की क्षमता की जाँच की जाती है? अच्छी पुस्तकों के प्रकाशन को प्रोत्साहन देने, जन-जन तक पुस्तकें पहुँचाने के लिए क्या यह आवश्यक नहीं है?

प्रतिवर्ष करोड़ों रुपये पुस्तकों के मद में अपव्यय करने के पूर्व उस चयन-प्रक्रिया की जाँच करायी जाय और यह भी देखा जाय कि पुस्तकें जहाँ दी जाती हैं वहाँ उनका सही उपयोग होता है या नहीं, पुस्तकों की व्यवस्था के लिए कोई सक्षम व्यक्ति है या नहीं? **—पुरुषोत्तमदास मोदी**

सम्मान-पुरस्कार

मनोहर श्याम जोशी व मृदुला गर्ग पुरस्कृत

कला गोइन्का फाउण्डेशन, मुम्बई द्वारा स्थापित 'स्नेहलता गोइन्का व्यंग्यभूषण पुरस्कार 2004' सुप्रसिद्ध लेखक मनोहरश्याम जोशी को हिन्दी व्यंग्य विधा में उनके समग्र योगदान और उनकी पुस्तक 'उस देश के यारों क्या कहना' के लिए दिया गया। महिला रचनाकारों के लिए 'रत्नीदेवी गोइन्का वाग्देवी सम्मान-2004' मृदुला गर्ग को उनकी पुस्तक 'कठगुलाब' के लिए दिया गया। पुरस्कार में क्रमश: एक लाख और इक्कीस हजार रुपये दिए गये।

सावित्री रांका को प्रतिभा पुरस्कार

20 सितम्बर 2004 को जयपुर के विद्याश्रम स्कूल सभागार में श्री द्वारका सेवा निधि द्वारा आयोजित भव्य समारोह में हिन्दी की वरिष्ठ कथाकार **श्रीमती सावित्री रांका** को जावित्री देवी जोशी प्रतिभा पुरस्कार से पुरस्कृत किया गया।

इस अवसर पर पूर्व उपमुख्यमंत्री श्री हरिशंकरजी भाभड़ा ने ग्यारह हजार का चेक, स्मृति चिन्ह, चाँदी का नारियल और शॉल द्वारा उन्हें सम्मानित किया।

प्रथम राष्ट्रीय अक्षर-सम्मान समारोह

लुधियाना के पंजाबी भवन सभागार में 26 सितम्बर 2004 को प्रथम राष्ट्रीय अक्षर सम्मान समारोह 'प्रीत साहित्य सदन' लुधियाना के सहयोग से आयोजित हुआ। सर्वाधिक पुस्तक-मेले आयोजित करने वाली संस्था अक्षरधाम समिति (रजि०) कैथल (हरियाणा) की ओर से 26 साहित्यकारों को सम्मानित किया गया। प्रत्येक साहित्यकार को 1100 रुपये की साहित्यिक पुस्तकें, शाल, स्मृति चिन्ह के अतिरिक्त मल्टीकलर सम्मान पत्र भी दिया गया। जिसमें साहित्यकार का रंगीन छायाचित्र भी था।

1. अक्षर भूषण—प्रबोधकुमार गोविल, (वनस्थली, राजस्थान) 2. अक्षर विभूषण—श्याम विद्यार्थी, (डिब्रूगढ़, असम), 3. अक्षर रत्न—सतीश दुबे, (इन्दौर, म०प्र०), 4. अक्षर वीर—रमेश सोबती, (लुधियाना, पंजाब), 5. अक्षर सेवी—पद्म गुप्ता, (दिल्ली), 6. अक्षर राज—सुरेश शर्मा, (इन्दौर, म०प्र०), 7. अक्षर प्राचार्य—भानुदत्त त्रिपाठी, (उन्नाव, उ०प्र०), 8. अक्षर प्रिय—घमण्डीलाल अग्रवाल, गुड़गाँव, 9. अक्षर सेन—पुष्पेन्द्र वर्णवाल, मुरादाबाद (उ०प्र०), 10. अक्षर हंस—नरेन्द्र मिश्र धड़कन, 11. अक्षर गौरव—सुश्री कृष्णा कुमारी, 12. अक्षर श्री—डॉ० सुशील पाण्डेय, सुल्तानपुर (उ०प्र०), रसूल अहमद सागर, रामपुरा (उ०प्र०), इन्दिरा अग्रवाल, अलीगढ़ (उ०प्र०), अजीज अंसारी, इन्दौर (म०प्र०), हबीब राहत हुबाब, खण्डवा (म०प्र०), शंकर सक्सेना, राजनंदगाँव (छ०ग०), डॉ० वीरेन्द्रकुमार दुबे, छिन्दवाड़ा (म०प्र०), सार्थ, कानपुर (उ०प्र०), डॉ० शरदनारायण खरे, (म०प्र०), हर्षकुमार हर्ष, पटियाला (पंजाब), डॉ० राजबीर सिंह धनखड़, रोहतक (हरि०), हेमचन्द्र सकलानी, देहरादून, प्रज्ञा पाठक, उज्जैन (म०प्र०), उषा यादव, इलाहाबाद, डॉ० संजय गर्ग, मुजफ्फरनगर (उ०प्र०)।

डॉ० सुरेन्द्र विक्रम को सृजन सम्मान

लखनऊ क्रिश्चियन पी०जी० कॉलेज के **डॉ० सुरेन्द्र विक्रम** को छत्तीसगढ़ की सांस्कृतिक एवं वैचारिक संस्था की ओर से हिन्दी माह के अवसर पर सृजन सम्मान के अन्तर्गत मावजी चावड़ा बाल साहित्य सम्मान प्रदान किया गया। रायपुर में सम्पन्न इस समारोह में वहाँ के राज्यपाल महामहिम के०एम० सेठ ने डॉ० सुरेन्द्र विक्रम को सम्मान राशि के साथ अंगवस्त्र, श्रीफल, प्रशस्ति-पत्र तथा सृजन सम्मान द्वारा प्रकाशित पुस्तकों का एक सेट भेंट किया।

साहित्य अकादमी फेलो

पंजाब की जानी-मानी और हिन्दी में लोकप्रिय साहित्यकार **अमृता प्रीतम** तथा कन्नड़ भाषा के प्रख्यात उपन्यासकार **यू०आर० अनन्तमूर्ति** को साहित्य अकादमी का सर्वोच्च सम्मान प्रदान करते हुए संस्था का फेलो चुना है। एक नवम्बर को प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह ने इन रचनाकारों को फेलोशिप से सम्मानित किया। इन रचनाकारों के साथ बंगाली कवि शंखघोष, राजस्थानी व हिन्दी के रचनाकार विजयदान देना और तेलुगु रचनाकार, भाषाविद् व शोधार्थी प्रो० बी०एच० कृष्णमूर्ति को भी साहित्य अकादमी फेलोशिप से सम्मानित किया गया।

कथाकार विवेकीराय को नरेन्द्रमोहन आंचलिक लेखन सम्मान

प्रेमचंद के बाद जिस कथाकार ने गाँवों के खेतों, खलिहानों, बाजार, हाट और पगडंडियों को अपने लेखन का विषय बनाया, उसे 'जागरण' के स्व० यशस्वी पत्रकार नरेन्द्रमोहन स्मृति काव्य संध्या के दौरान 11 अक्टूबर 2004 को आंचलिक लेखन सम्मान से विभूषित किया गया। 'मनबोध मास्टर की डायरी' के माध्यम से विवेकी राय ने स्वतंत्रता के पूर्व और उसके बाद के गाँवों का जो चित्रण किया वह आज भी स्मरणीय है। उनकी रचनाओं में गाँव का संघर्षमय जीवन अभिव्यक्त है। ऐसे यशस्त्री रचनाकार को यह सम्मान वाराणसी के 'जागरण' से मिला जबकि वर्षों तक उन्होंने काशी के 'आज' में लिखा।

प्रथम बार दिये गये इस पुरस्कार में 81 वर्षीय विवेकी राय को ग्यारह हजार रुपये की राशि प्रदान की गयी। इस अवसर पर आभार व्यक्त करते हुए विवेकी राय ने कहा—''दैनिक जागरण के पूर्व प्रधान सम्पादक स्व० नरेन्द्रमोहन न केवल पत्रकार बल्कि साहित्यकार भी थे। कविता उनके जीवन से जुड़ी थी। इस सम्मान को पाकर काफी अभिभूत हूँ। मैं कैसे लिखता हूँ, इसका मूल्यांकन आपने किया।'' इस अवसर पर युगेश्वर ने कहा—लोगों ने गाँवों को देखा है, किन्तु विवेकी राय ने गाँवों को जीया है। वे गाँव की वेदना को यथार्थवादी दृष्टिकोण से व्यक्त करते हैं। उनकी रचनाओं 'बबूल', 'लोकऋण' में आजादी के बाद गाँवों की मेड़, सड़कें, पंचायत की समस्याएँ उजागर हुई हैं।

नोबल पुरस्कार

इस वर्ष साहित्य का नोबल पुरस्कार आस्ट्रिया की उपन्यासकार, नाटककार और कवि **एलफ्रीड जेलिनेक** को दिया जायगा। जेलिनेक को पाठकों और उपन्यास में संगीतमय प्रभाव और लेखनी के जरिये समाज की सच्चाई करने के लिए पुरस्कृत किया जा रहा है।

आनन्द सागर पुरस्कार

सुप्रसिद्ध कथाकार **असगर वजाहत** को इस वर्ष का 'आनन्द सागर कथाक्रम' पुरस्कार आगामी 20 नवम्बर 2004 को दिया जायगा। सम्मान के तहत श्री वजाहत को पन्द्रह हजार रुपये, सम्मान-पत्र तथा अंगवस्त्र आदि प्रदान किये जायेंगे। निर्णायक समिति के अध्यक्ष वरिष्ठ कथाकार श्रीलाल शुक्ल हैं।

यत्र-तत्र-सर्वत्र

इक्कीसवीं सदी में उन्नीसवीं सदी का पुण्य स्मरण

राजा शिवप्रसाद 'सितारेहिन्द' को बुधवार 15 सितम्बर 2004 को पहली बार डायमण्ड होटल काशी में स्मरण किया गया। अवसर था डॉ० वीरभारत तलवार द्वारा सम्पादित पुस्तक 'राजा शिवप्रसाद 'सितारेहिन्द' प्रतिनिधि संकलन' का लोकार्पण और परिचर्चा गोष्ठी। आयोजक थे राजा साहब के पाँचवीं पीढ़ी के वंशज कुँअर परमानन्दप्रसाद सिंह, कार्यक्रम का संयोजन विश्वविद्यालय प्रकाशन ने किया और संचालन पुरुषोत्तमदास मोदी ने। अध्यक्षता तथा लोकार्पण डॉ० निर्मला जैन, पूर्व प्रोफेसर तथा आचार्य हिन्दी विभाग, दिल्ली विश्वविद्यालय ने किया। मुख्य अतिथि थे पुस्तक के प्रधान सम्पादक डॉ० नामवर सिंह। परिचर्चा में डॉ० अवधेश प्रधान, डॉ० बलिराज पाण्डेय, डॉ० धीरेन्द्रनाथ सिंह, डॉ० बच्चन सिंह तथा डॉ० वीरभारत तलवार ने भाग लिया।

डॉ० नामवर सिंह ने कहा—राजा साहब के सन्दर्भ में यह पहली गोष्ठी है, खुशी की बात है कि यह काशी में हो रही है। राजा साहब पर केन्द्रित इस विचार गोष्ठी का आयोजन कर बहुत बड़ी भूल का सुधार किया गया है। वस्तुत: राजा शिवप्रसाद 'सितारेहिन्द' हिन्दी नवजागरण के पुरोधा थे, जिन्होंने देवनागरी लिपि की माँग, हिन्दी पाठ्य-पुस्तकों का निर्माण तथा पहली बार हिन्दी में भारत का प्रामाणिक इतिहास लिखकर नवजागरण चेतना पैदा की। राजाशिवप्रसाद 'सितारेहिन्द' को भारतेन्दु बाबू और उनकी मण्डली द्वारा खलनायक कहे जानेपर नामवरजी ने असहमति जताते हुए कहा ऐसी बात उस समय के किसी साहित्यकारों में नहीं रही। उनका धरातल बड़ा व्यापक होता था। कहने को दिल्ली राजधानी रही लेकिन लड़ाई पानीपत के मैदान में लड़ी जाती रही, उसी तरह साहित्य की लड़ाई लड़नी है तो काशी की धरती पर आना होगा।

डा० निर्मला जैन ने अपने अध्यक्षीय सम्बोधन में कहा—जागरण किसी एक के द्वारा एक की बदौलत नहीं होता है, उस समय में कई लोग कई तरह से एक साथ काम कर रहे होते हैं, इसलिए नवजागरण किसने किया, इसका निर्धारण करना ईमानदारी नहीं है।

डॉ० बच्चन सिंह ने कहा कि राजा शिवप्रसाद 'सितारेहिन्द' का भारतेन्दु बाबू से आत्मीय सम्बन्ध था। राजा साहब के योगदान को नकारा नहीं जा सकता लेकिन उन्हें नवजागरण के पुरोधा के रूप में स्वीकार नहीं किया जा सकता।

डॉ० अवधेश प्रधान, डॉ० बलिराज पाण्डेय और **डॉ० धीरेन्द्रनाथ सिंह** ने वीरभारत तलवार की सम्पादकीय टिप्पणी को सच न मानते हुए उसका विरोध किया। **डॉ० वीरभारत तलवार** ने कहा कि पुस्तक के बारे में इस तरह की विरोधी प्रतिक्रिया अपेक्षित थी, मैंने अपना काम कर दिया है। हिन्दू-मुस्लिम, उर्दू-हिन्दी के सामञ्जस्य की बात जितनी राजाशिवप्रसाद की भाषा करती है उतनी किसी और की नहीं।

राजा शिवप्रसाद 'सितारेहिन्द' के वंशज **कुँअर परमानन्द सिंह** जिनकी प्रेरणा से यह परिचर्चा आयोजित हुई थी, उन्होंने कहा कि राजा शिवप्रसाद 'सितारेहिन्द' और भारतेन्दु हरिश्चन्द्र के बीच गहरी अंतरंगता थी। राजा साहब और भारतेन्दुजी में गुरु-शिष्य सम्बन्ध था और उनका सम्मान करते थे। इस अवसर पर भारतेन्दु बनाम राजा शिवप्रसाद का प्रयोग सर्वथा अनुचित है।

अंत में संचालक **पुरुषोत्तमदास मोदी** ने धन्यवाद प्रकाश करते हुए इस गोष्ठी को ऐतिहासिक कहा। गोष्ठी में नगर के प्रबुद्ध साहित्यकार उपस्थित थे जिन्होंने भी इस परिचर्चा को स्मरणीय बताया।

हिन्दी समारोह

भारतीय पेट्रोलियम संस्थान, देहरादून द्वारा राजभाषा के व्यावहारिक कार्यान्वयन के उद्देश्य से आयोजित हिन्दी समारोह में अतिथि वक्ता के रूप में डॉ० रामशरण गौड़, विशिष्ट अतिथि के रूप में डॉ० वीरेन्द्र शर्मा तथा अध्यक्ष के रूप में प्रो० नरेश मिश्र सम्मिलित हुए।

संयोजक **डॉ० दिनेश चमोला** ने कहा भारतीय जनमानस व जनजीवन से जुड़ने व जोड़ने की एक सशक्त व जीवंत भाषा मात्र हिन्दी है। हिन्दी हृदय व जीवन मूल्यों की भाषा है।

संस्थान के निदेशक **डॉ० मधुकर ओंकारनाथ गर्ग** ने अपने स्वागत भाषण में कहा कि राजभाषा स्वाभिमान का प्रतीक है। हमारी प्रारम्भिक से लेकर उच्चतर तकनीकी विषयों की शिक्षा का माध्यम अंग्रेजी ही रहा है। जिस भाषा में सोचते हैं हमें उसी में स्वयं को अभिव्यक्त करने में सरलता महसूस होती है।

डॉ० रामशरण गौड़ ने कहा हिन्दी में जहाँ हमारे मूल्यों व संस्कारों का सन्निवेश है वहाँ वह भारत माता का भी प्रतिनिधित्व करती है।

डॉ० वीरेन्द्र शर्मा ने कहा कि किसी भी संस्थान अथवा परिवेश में हिन्दी के सुचारु कार्यान्वयन के लिए तीन बातों की आवश्यकता होती है—संकल्प, समर्पण व साहस। हिन्दी व भारतीय भाषाएँ भारत माता की दो आँखें हैं जिनके माध्यम से समग्र भारतीयता दृष्टिगत होती हैं।

प्रो० नरेश मिश्र ने कहा कि भावों का स्रोत चलता है उस प्रवाह से, जहाँ से भाषा का स्फुरण होता है। हमारी भाषा में जो बह रहा है वह मातृभाषा व मातृभूमि की तरह है। भारत भूमि का यह पौधा जगह-जगह पल्लवित व पुष्पित हो रहा है। आज हिन्दी की स्थिति भी यही है।

कहानी प्रतियोगिता का आयोजन

गत वर्ष की भाँति 'राष्ट्रधर्म' मासिक द्वारा 'श्री राधेश्याम चितलांगिया स्मृति अ०भा० कहानी प्रतियोगिता 2005' का आयोजन किया गया है। पुरस्कार राशि प्रथम, द्वितीय, तृतीय एवं सांत्वना क्रमश: 5,000, 3000, 2000 व 1,000 रुपये निश्चित की गयी है।

31 दिसम्बर, 2004 तक प्रवेश-पत्र व नियमावली प्राप्त करने के लिए **सम्पादक, राष्ट्रधर्म, संस्कृति भवन, राजेन्द्र नगर, लखनऊ-226 004** से सम्पर्क करें।

हिन्दी तुझे सलाम

(महाराष्ट्र) स्थित स्वा० सावरकर महाविद्यालय में प्रा० सोनवणे राजेन्द्र 'अक्षत' द्वारा सम्पादित 'लोकयज्ञ' का दूसरा राष्ट्रीय काव्य विशेषांक का लोकार्पण हुआ। लोकार्पण समारोह में प्रो० हणमंत राव पाटील, डॉ० सुधाकर राव शेडगे तथा महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ० जी०एम० कुलकर्णी द्वारा दीप प्रज्ज्वलन कर सरस्वती पूजन किया। 'लोकयज्ञ' काव्य विशेषांक में विभिन्न राज्यों से आयीं 75 उत्कृष्ट कविताएँ प्रकाशित की गयी हैं। बीड ऐसे अहिन्दीभाषी क्षेत्र से प्रकाशित 'लोकयज्ञ' का कविता विशेषांक की भावना और राष्ट्रभाषा का मानक प्रस्तुत करती है।

लखनऊ पुस्तक मेला

लखनऊ पुस्तक मेले (1-10 अक्टूबर 2004) में पाठकों की रुचि अब गम्भीर साहित्य की ओर बढ़ रही है—आध्यात्मिक साहित्य, जीवन-चरित आदि। खान-पान, बनाव शृंगार, व्यक्तित्व विकास इन पर इतनी सामग्री पत्र-पत्रिकाओं में निकलती है कि अब पुस्तक रूप में पढ़ना नहीं चाहते।

मॉरीशस में हिन्दी

प्रवासी भारतीयों के देश मॉरीशस में हिन्दी का प्रचार-प्रसार इतना बढ़ गया है कि वहाँ की स्थानिक भाषा फ्रेंच और हिन्दी की लोकप्रियता घट गयी है, इनकी पुस्तकों का प्रकाशन और इनके पाठकों की संख्या भी घट रही है। रेडियो और टी०वी० चैनलों पर भी अधिकाधिक हिन्दी कार्यक्रम प्रसारित किये जाते हैं।

साहित्य संगम, सूरत की अनोखी योजना

सूरत गुजरात की प्रमुख प्रकाशन संस्था 'साहित्य संगम' ने प्रान्तीय भाषाओं के साहित्य के आदान-प्रदान के लिए प्रतिवर्ष गुजरात के अग्रिम पंक्ति के छह लेखकों, चिंतकों, कवियों, नाट्यकारों, हास्यकारों की कृतियाँ गुजराती के साथ-साथ हिन्दी, मराठी और

अंग्रेजी में प्रकाशित करने का निश्चय किया है। इस योजना के अन्तर्गत छह पुस्तकों का पहला सेट प्रकाशित हुआ है। साहित्य संगम और साहित्य संकुल दोनों लेखकों द्वारा संचालित गुजरात के प्रतिष्ठित प्रकाशन संस्थान हैं। 'साहित्य संगम' के संचालक श्री नानुभाई नायक गुजरात के लब्धप्रतिष्ठित लेखक, कवि एवं पत्रकार हैं। 'अच्छी सरकार कैसी हो?' तथा 'संविधान संशोधन सम्बन्धी सुझाव' शीर्षक आपकी दो पुस्तकों में लोकशाही-शासन पद्धति के निर्वहण विषय पर हैं, जो अत्यन्त लोकप्रिय हैं। संविधान समीक्षा आयोग ने इन दोनों पुस्तकों से अनेक सुझावों को स्वीकार किया है।

गाँधी, गंगा और गिरिराज

गाँधी, प्रो० यशपाल एवं रामशंकर सिंह

''गाँधी, गंगा और गिरिराज हिमालय के बिना भारत की कल्पना नहीं की जा सकती है। गंगा सहित नदियाँ नाले बन रही है, ग्लेशियर के पिघलने से पर्वतराज हिमालय भी खतरे में हैं।'' उक्त विचार नई दिल्ली में स्थित राजघाट पर गाँधी, गंगा और गिरिराज राष्ट्रीय संगोष्ठी में डॉ० एस०एन० सुब्बाराव ने गंगा रक्षा आन्दोलन के सन्दर्भ में व्यक्त की। पर्यावरणविद् एवं वैज्ञानिक पद्मश्री डॉ० विजय भाटकर ने गंगा को प्रदूषण से बचाने हेतु नवीन कार्य योजना की आवश्यकता बतायी। इस अवसर पर 'गाँधी, गंगा और गिरिराज' पुस्तक का लोकार्पण किया गया। दो दिवसीय इस राष्ट्रीय संगोष्ठी का संचालन रक्षत गंगाम् आन्दोलन के संस्थापक महासचिव रामशंकर सिंह ने किया।

धन धन मातु गङ्ग

डॉ० भानुशंकर मेहता

प्रथम संस्करण : 2004

ISBN : 81-7124-376-2

विश्वविद्यालय प्रकाशन

वाराणडॉ० रामद

जीवन के आठ 50.00

जड़ों से जुड़े लेखक हैं डॉ० रामदरश मिश्र

—कमलेश्वर

डॉ० रामदरश मिश्र दरअसल जड़ों से जुड़े लेखक हैं, पत्तों के लेखक नहीं। जड़ें बनी रहती हैं तो पुराने पत्ते झरते रहने के बावजूद नए-नए पत्ते आते रहते हैं। डॉ० मिश्र भी इसी तरह ही एक सदाबहार लेखक हैं क्योंकि वे गाँव से जुड़े हैं, संस्कारों और मूल्यों से जुड़े हैं। 80 वर्ष के होने पर भी उनकी सर्जनात्मकता बरकरार है। कमलेश्वर ने अक्षरम् संस्था द्वारा हिन्दी भवन, दिल्ली में 30 सितम्बर को आयोजित कार्यक्रम में अपने अध्यक्षीय सम्बोधन में कहा। इस अवसर पर डॉ० मिश्र के 80 वर्ष पूरे होने पर उन पर केन्द्रित 'अक्षरम् गोष्ठी' पत्रिका के 'सम्मान अंक' का लोकार्पण कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सुप्रसिद्ध विधिवेत्ता-चिंतक डॉ० लक्ष्मीमल सिंघवी ने किया।

इस अवसर पर भारतीय ज्ञानपीठ के निदेशक व 'नया ज्ञानोदय' के सम्पादक डॉ० प्रभाकर श्रोत्रिय, सुप्रसिद्ध कवि डॉ० बलदेव वंशी, प्रसिद्ध गीतकार-पत्रकार श्री बालस्वरूप राही, सुपरिचित कवि-कथाकार डॉ० सीतेश आलोक तथा 'अक्षरम् संगोष्ठी' पत्रिका के सम्पादक श्री नरेश शांडिल्य ने डॉ० रामदरश मिश्र के व्यक्तित्व और कृतित्व पर अपने विचार व्यक्त किए। डॉ० रामदरश मिश्र और उनकी पत्नी सरस्वती मिश्र ने अपने जीवन से जुड़े कुछ रोचक संस्मरण सुनाकर कार्यक्रम को सरसता प्रदान की।

दुर्गाप्रसाद श्रेष्ठ को सुभद्राकुमारी चौहान शताब्दी सम्मान

हिन्दी एवं नेपाली भाषा के साहित्यकार **दुर्गाप्रसाद श्रेष्ठ** को जैमिनी अकादमी, पानीपत (हरियाणा) में आयोजित सुभद्राकुमारी चौहान शताब्दी समारोह के अवसर पर 4 अक्टूबर को 'सुभद्राकुमारी चौहान शताब्दी सम्मान' प्रदान किया गया।

साहित्यकार दुर्गाप्रसाद श्रेष्ठ उत्तर प्रदेश सरकार से लेकर नेपाल के स्व० नरेश वीरेन्द्र द्वारा सम्मानित किए जा चुके हैं।

ब्रिटिश लेखक को बुकर पुरस्कार

ब्रिटिश लेखक **एलन हॉलिंगहर्स्ट** को इस वर्ष प्रकाशित उनके चौथे उपन्यास 'द लाइन ऑफ ब्यूटी' को वर्ष 2004 के बुकर पुरस्कार के लिए चयन किया गया है। इसके पूर्व उनके तीन उपन्यास—द स्वीमिंग पूल लाइब्रेरी (1988), द फोल्डिंग स्टार (1994) तथा 'द स्पेल' (1988) प्रकाशित हो चुके हैं। चारों उपन्यास ब्रिटिश समाज में विद्यमान समलैंगिक सम्बन्धों पर आधारित हैं। आज पाश्चात्य समाज में व्याप्त मानवीय विकृतियाँ साहित्य का विषय बन रही हैं, भारतीय साहित्य पर भी इनका प्रभाव पड़ने में अब देर नहीं है।

विश्व में लोकप्रिय होती 'हिंगलिश'

भारत में अंग्रेजी के प्रभाव के कारण हिन्दी भाषा का स्वरूप बदल रहा है, लिखने बोलने में हिन्दी के साथ अंग्रेजी शब्दों का धड़ल्ले से प्रयोग हो रहा है, इस प्रकार हिन्दी-अंग्रेजी के संयोग से 'हिंगलिश' भाषा का सृजन हो रहा है। यही स्थिति विदेशों में प्रवासी-भारतीयों के कारण है, अंग्रेजीभाषी देश में प्रवासी भारतीय अपने देशज हिन्दी शब्दों का प्रयोग बात-बात में करते हैं, इससे उस देश के निवासी उन शब्दों का प्रयोग करने लगे हैं। यही कारण है ब्रिटेन से प्रकाशित शब्दकोशों में रोजमर्रा के हिन्दी शब्द प्रविष्ट होते जा रहे हैं। पहले अंग्रेजी ने हमारे देश को प्रभावित किया और अब भारतीय भाषा परोक्ष रूप से अंग्रेजी को प्रभावित कर रही है।

उत्तर भारत में उद्योग लगाना है राजनीति करनी है तो हिन्दी सीखो

डीएमके नेता और संचार मंत्री दयानिधि मारन की समझ में अब आ रहा है कि यदि तमिलनाडु या कर्नाटक के उद्यमियों को दिल्ली या उत्तर भारत में उद्योग लगाना है तो उन्हें हिन्दी सीखनी होगी और यदि उत्तर भारत में अपनी राजनीतिक पैठ बनानी है तो भी हिन्दी सीखनी ही होगी। जिस भाषा का तमिलनाडु में अब तक विरोध होता रहा, अब समझा जा रहा है कि भाषायी विरोध विकास को अवरुद्ध करता है। चलिए देर से ही सही, समझ तो आयी। दक्षिण और उत्तर की दूरी दूर होने में अब देर नहीं है—नदियों से जोड़ने की योजना बन रही है। दिल भी जुड़ेंगे और दक्षिण भारतीय और उत्तर भारतीय का भेद समाप्त होगा।

काश! नागरी प्रचारिणी सभा के तीन दशक के पदाधिकारियों ने सभा को अपनी कन्या समझा होता!

काशी नागरी प्रचारिणी सभा ने 'बृहत हिन्दी शब्दसागर' का प्रकाशन कराया था। डॉ० श्यामसुन्दरदास इसके प्रधान सम्पादक थे।

संस्थान ने प्रकाशन की सफलता पर काशी में एक समारोह का आयोजन किया। तय किया गया कि प्रधान सम्पादक तथा सहयोगीजनों को एक-एक शॉल, घड़ी तथा कलम भेंट की जाएगी।

श्यामसुन्दरदासजी की पत्नी को यह जानकारी मिली। समारोह वाले दिन उन्होंने पतिदेव से पूछा, 'क्या आप भी दुशाला, घड़ी तथा कलम उपहार में लेंगे?' डॉक्टर साहब ने उत्तर दिया, 'जब सभा भेंट कर रही है, तो जरूर लेंगे।'

धर्मपरायण पत्नी ने कहा, 'आप प्राय: कहा करते हैं कि राष्ट्रभाषा हिन्दी के लिए समर्पित नागरी प्रचारिणी सभा मेरी बेटी (कन्या) है। उस लिहाज से आपका उससे कुछ भी लेना धर्मविरुद्ध है।'

डॉक्टर साहब पत्नी की धर्मभावना को जानकर गदगद हो उठे। उन्होंने समारोह में उपहार लेने से इनकार कर दिया और बोले, 'मैं कन्या की कोई वस्तु कैसे स्वीकार कर सकता हूँ।'

—शिवकुमार गोयल

भारतीय वाङ्मय

हिन्दी तथा अहिन्दीभाषी क्षेत्रों के साहित्यिक-सांस्कृतिक समाचारों की मासिक पत्रिका

वर्ष 5 | **नवम्बर** 2004 | **पूरक अंक** 11



पद्मश्री डॉ० कपिलदेव द्विवेदी आचार्य

एम०ए० (संस्कृत, हिन्दी),
एम०ओ०एल०, डी०फिल् (प्रयाग); विद्याभास्कर,
साहित्यरत्न, व्याकरणाचार्य, पी०ई०एस० (अ०प्रा०)
निदेशक, विश्वभारती अनुसन्धान परिषद्
ज्ञानपुर (वाराणसी)

''संस्कृत जगत् के मूर्धन्य विद्वान् डॉ० कपिलदेव द्विवेदी ने वैदिक एवं संस्कृत साहित्य पर अनेक पुस्तकें लिखकर संस्कृत वाङ्मय को नवीन दिशा दी है।

संस्कृत व्याकरण, भाषाविज्ञान एवं अनेक भाषाओं के विद्वान् डॉ० द्विवेदी ने अपने अध्यापन, सशक्त लेखनी तथा व्याख्यानों के माध्यम से देश-विदेश में संस्कृत भाषा, वेद एवं भारतीय संस्कृति के प्रचार-प्रसार में महत्त्वपूर्ण योगदान किया है।''

— अटलबिहारी वाजपेयी
पूर्व प्रधानमंत्री, भारत सरकार

पद्मश्री डॉ० कपिलदेव द्विवेदी की सारस्वत-सपर्या का मैं सदैव प्रशंसक रहा। मैं उनके साहित्य का छात्रजीवन में पाठक भी रहा। डॉ० द्विवेदी ने अपनी विविधकोटिक कृतियों से विद्यार्थियों, अध्यापकों, कोविदों एवं सामान्य संस्कृतानुरागी सहृदयों का एक ही साथ अनुरञ्जन एवं उपकार किया है। 'यावज्जीवमधीते विप्रः' का उदात्त आदर्श प्रो० द्विवेदी पर जिस सच्चाई के साथ चरितार्थ होता है, वह अन्यत्र दुर्लभ है।

डॉ० द्विवेदी की सारस्वत व्यक्तित्व बहुमुखी रहा है। वह प्रतिभापटिष्ठ कवि भी हैं, तलस्पर्शी समालोचक भी। सदाशय चिन्तक भी हैं एवं सर्वाभ्युदयाशंसी आचार्य भी। पूर्वाग्रहमुक्त है उनका विद्वद्व्यक्तित्व!

— प्रो० राजेन्द्र मिश्र
कुलपति, सम्पूर्णानन्द संस्कृत विश्वविद्यालय
वाराणसी

संस्कृत भाषा भारतीय एकता की सूत्रधार है

संस्कृत विश्व की प्राचीनतम भाषा है। यह भारतीय संस्कृति ही नहीं, अपितु विश्व-संस्कृति की आधारशिला है। भारत का समस्त प्राचीन वैभव और गौरव संस्कृत भाषा में ही सुरक्षित है। संस्कृत भाषा ही भारतीय भाषाओं की जननी है। आज भी भारतीय भाषाओं का उच्च साहित्य अपने दार्शनिक और आध्यात्मिक चिन्तन के लिए संस्कृत पर ही निर्भर है। सभी भारतीय भाषाओं में 50 से 60 प्रतिशत शब्दावली संस्कृत भाषा से ली गई है। नए शब्दों के निर्माण के लिए भी संस्कृत का ही आश्रय लिया जाता है। दक्षिण की द्रविड़ भाषाओं में भी संस्कृत का पूर्ण प्रभाव दृष्टिगोचर होता है। तेलुगु, मलयालम आदि में भी 40 से 50 प्रतिशत शब्दावली संस्कृत निष्ठ है। संस्कृत ने ही पाश्चात्य देशों में नवचेतना जागृत की है। वेद और संस्कृत साहित्य के अध्ययन से यूरोप और अमेरिका में नवीन चेतना जागृत हुई है। परिणामस्वरूप उन्होंने अनेक विश्वविद्यालयों में संस्कृत की स्थापना की है।

संस्कृत संस्कृति का आधार है। संस्कृति मनुष्य की आधारशिला है। बिना आधारशिला के मनुष्य जीवन बिना नीव के भवन के समान है जो कभी भी धराशायी हो सकता है। संस्कृत और संस्कृति आधारशिला का कार्य करते हैं। जहाँ संस्कृत है, वहाँ आचार शिक्षा, कर्त्तव्यनिष्ठा, सत्यनिष्ठा और नैतिक शिक्षा की स्थापना है जहाँ संस्कृत है वहाँ आचार शिक्षा, नैतिक शिक्षा पर बल नहीं है। अतएव पाश्चात्य जगत् भी नैतिक मूल्यों के लिए संस्कृत भाषा और भारतीय संस्कृति का आश्रय ले रहे हैं।

आज कम्प्यूटर का युग है। सभी वैज्ञानिक एक स्वर से यही स्वीकार करते हैं कि इस वैज्ञानिक युग ने कम्प्यूटर के लिए सबसे उत्तम भाषा संस्कृत ही है। इस भाषा की सूत्रविधि ने सभी वैज्ञानिकों का ध्यान आकृष्ट किया है। इस विधि को अपनाने से कम्प्यूटर को विशेष लाभ होगा।

संस्कृत भारतीय एकता का प्रतीक है। संस्कृत ही वह भाषा है जो सारे भारतीय भाषाओं को और पूरे भारतवर्ष को एकता के सूत्र में बाँधती है। संस्कृत के बिना राष्ट्रीय एकता की कल्पना नहीं की जा सकती। संस्कृत की उपेक्षा का ही परिणाम है कि आज राष्ट्रीय एकता और अखण्डता में कमी आयी है। संस्कृत की उपेक्षा के कारण ही मानवीय मूल्यों में भी चारित्रिक ह्रास हुआ है।

भारतीय और पाश्चात्य मूल्यों में मौलिक अन्तर यह है कि पाश्चात्य संस्कृति भौतिकवाद को महत्त्व देती है और उसके कारण भौतिक उन्नति होने पर भी आज मानव को सुख शान्ति नहीं है और वे शान्ति के लिए भारत की ओर देख रहे हैं। भारतीय संस्कृति अध्यात्मपरक है, वह नैतिक मूल्यों को प्रमुखता देते हुए भौतिक उन्नति का मार्ग प्रशस्त करती है।

प्राचीन समय में संस्कृत भाषा का आश्रय लेकर ही न केवल दार्शनिक मनन चिन्तन ही अग्रसर हुआ था अपितु गणित, ज्योतिष, मनोविज्ञान, चिकित्साशास्त्र आदि में असाधारण उन्नति की थी। आज विज्ञान-जगत् आयुर्वेदिक अनुसन्धानों को महत्त्व दे रहा है।

विश्व संस्कृति की सुरक्षा के लिए आज संस्कृत की आवश्यकता है। विश्व शान्ति और और विश्व बन्धुत्व के लिए संस्कृत ही सर्वोत्तम आश्रय है। **—डॉ० कपिलदेव द्विवेदी**

पद्मश्री डॉ० कपिलदेव द्विवेदी

डॉ० द्विवेदी का जन्म एक प्रतिष्ठित वैश्य परिवार में हुआ। आपके पिता श्री बलरामदासजी और माता श्रीमती वसुमती देवी थीं। आपके पिता एक त्यागी, तपस्वी समाजसेवी थे। उन्होंने अपना पूरा जीवन देशसेवा में लगाया। पिताजी स्वतंत्रता संग्राम-सेनानी थे। वे तीन बार कांग्रेस के आन्दोलन में जेल गये। आपकी माताजी भी स्वतंत्रता सेनानी थीं। डॉ० द्विवेदीजी का जन्म 6 दिसम्बर 1918 को हुआ। आपके पिताजी ने आपके जन्म से पहले दो निर्णय लिए थे कि बालक का नाम कपिलमुनि के नाम पर कपिलदेव रखा जाएगा और उसे शिक्षा के लिए गुरुकुल भेजा जाएगा। पूर्व निर्णय के अनुसार बालक का नाम कपिलदेव रखा गया और कक्षा 4 के अध्ययन के बाद गुरुकुल महाविद्यालय, ज्वालापुर, हरिद्वार में संस्कृत की उच्च शिक्षा के लिए भेजा गया।

शिक्षा-दीक्षा—1928 से 1939 तक गुरुकुल महाविद्यालय, ज्वालापुर में शिक्षा प्राप्त की। वहाँ रहते हुए आपने यजुर्वेद और सामवेद दो वेद कंठस्थ किए और उसके परिणामस्वरूप गुरुकुल से द्विवेदी की उपाधि प्रदान की गई। आपने गुरुकुल में रहते हुए बंगला और उर्दू भाषा भी सीखी। गुरुकुल में रहते हुए आप 1939 में स्वतंत्रता संग्राम के अंग हैदराबाद आर्य-सत्याग्रह आन्दोलन में 6 मास कारावास में रहे। गुरुकुल में रहते हुए आपने शास्त्री परीक्षा उत्तीर्ण की और आपको गुरुकुल की उपाधि विद्याभास्कर प्राप्त हुई। सभी परीक्षाओं में आप प्रथम श्रेणी में प्रथम रहे हैं।

पारिवारिक जीवन—डॉ० द्विवेदी का जीवन अत्यन्त संघर्षपूर्ण रहा है। उन्होंने जीवनभर घोर संघर्ष किया है। आपका विवाह 1953 में चन्दौसी निवासी श्री रामशरणदास की पुत्री ओम्शान्ति से हुआ। आपका गृहस्थ जीवन सुखी रहा है। आपके पाँच पुत्र और दो पुत्रियाँ हैं। प्राय: सभी एम०ए०/एम०एस-सी०, पी-एच०डी० हैं। आपकी पत्नी का निधन 28 दिसम्बर 1973 को प्रात: 5 बजे हुआ।

शैक्षणिक योग्यता—आपने पंजाब विश्वविद्यालय से 1946 में प्रथम श्रेणी में प्रथम रहते हुए एम०ए० संस्कृत की परीक्षा उत्तीर्ण की। वहीं से एम०ओ०एल० की उपाधि भी आपको प्राप्त हुई। तदनन्तर इलाहाबाद विश्वविद्यालय से संस्कृत में डॉ० बाबूराम सक्सेना के निर्देशन में भाषाविज्ञान विषय में 1949 में डी०फिल० की उपाधि प्राप्त की। आपने संस्कृत विश्वविद्यालय, वाराणसी से व्याकरण विषय में आचार्य की उपाधि प्रथम श्रेणी में सर्वप्रथम रहते हुए उत्तीर्ण की। आपने काशी हिन्दू विश्वविद्यालय से आचार्य डॉ० हजारीप्रसाद द्विवेदी के निर्देशन में प्रथम श्रेणी में एम०ए० (हिन्दी) की परीक्षा भी उत्तीर्ण की। आपने अनेक भाषाओं में विशेष योग्यता प्राप्त की है। प्रयाग विश्वविद्यालय से आपने जर्मन, फ्रेंच, रूसी, चीनी आदि भाषाओं में प्रोफिसिएन्सी परीक्षा उत्तीर्ण की है। इसके अतिरिक्त पालि, प्राकृत, बंगला, मराठी, गुजराती, पंजाबी और उर्दू में भी आपने विशेष दक्षता प्राप्त की है।

शैक्षणिक सेवाएँ—आप 1940 से 1944 तक नारायण स्वामी हाईस्कूल, रामगढ़, नैनीताल में संस्कृत-शिक्षक रहे। तदनन्तर 1950 से 1954 तक सेंट एण्ड्रयूज कालेज, गोरखपुर में संस्कृत विभाग के अध्यक्ष रहे। नवम्बर 1954 से मार्च 1965 तक देवसिंह बिष्ट स्नातकोत्तर महाविद्यालय, नैनीताल में संस्कृत विभागाध्यक्ष रहे। मार्च 1965 से जुलाई 1977 तक काशी-नरेश राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय, ज्ञानपुर भदोही में संस्कृत विभागाध्यक्ष, उपाचार्य एवं प्राचार्य पदों पर रहे। अगस्त 1977 से जून 1978 तक राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय गोपेश्वर (चमोली) में प्राचार्य रहे। वहाँ से 30 जून 1978 को राजकीय सेवा से अवकाश प्राप्त किया। तदनन्तर 1980 से 1992 तक गुरुकुल महाविद्यालय ज्वालापुर (हरिद्वार) में कुलपति रहे।

विशिष्ट सेवा—डॉ० द्विवेदी की गणना विश्व के प्रमुख प्राच्यविद्याविदों, भाषाविदों औद वेदविदों में की जाती है। आप संस्कृत भाषा के सरलीकरण पद्धति के उन्नायक एवं प्रवर्तक माने जाते हैं। संस्कृत को लोकप्रिय बनाने में आपका महत्त्वपूर्ण योगदान है। वेदों को जन-जन तक पहुँचाने के लिए आपने वेदामृतम् ग्रन्थमाला के 40 भागों का प्रकाशन किया है।

विदेश यात्रा—आप 5 बार विदेश यात्रा कर चुके हैं। आपने भारतीय संस्कृति के प्रचार के लिए 1976, 1989, 1990, 1991 और 1993 में विदेश यात्रा की है। इनमें ये देश सम्मिलित हैं—अमेरिका (उत्तरी और दखिण), कनाडा, इंग्लैण्ड, जर्मनी, हालैण्ड, फ्रांस, इटली, स्विट्जरलैण्ड, सुरीनाम, गुयाना, मारीशस, केनिया, तंजानिया और सिंगापुर।

योग-साधना—डॉ० द्विवेदी एक उच्चकोटि के साधक हैं। आपने 1942 में योगासनों की शिक्षा प्राप्त की थी। तब से अब तक नियमित रूप से योगाभ्यास करते हैं। वे आज भी 86 वर्ष की आयु में पूर्ण स्वस्थ एवं निरोग हैं। आपने अपने अनुभव 'साधना और सिद्धि' ग्रन्थ में दिए हैं।

सम्मान एवं अभिनन्दन—संस्कृत साहित्य में महत्त्वपूर्ण योगदान के लिए आपको भारत सरकार ने सन् 1991 में 'पद्मश्री' अलंकरण से विभूषित किया। आपको 1992 में उ०प्र० संस्कृत संस्थान द्वारा संस्कृत साहित्य में विशिष्ट योगदान हेतु 25 हजार रुपये का विशिष्ट पुरस्कार प्रदान किया गया। आपको उ०प्र० हिन्दी संस्थान से 1993 में वीरबल साहनी पुरस्कार से, दिल्ली संस्कृत अकादमी से 1996 में मौलिक संस्कृत महाकाव्य 'आत्मविज्ञानम्' रचना पर पण्डितराज जगन्नाथ पुरस्कार, वेद-पण्डित पुरस्कार गुरुकुल कांगड़ी विश्वविद्यालय द्वारा 1991 में, वेदपण्डित पुरस्कार अन्तर्राष्ट्रीय आर्य महासम्मेलन द्वारा 1995 में, वेद-वेदाङ्ग पुरस्कार 20,000 रुपये आर्य समाज सान्ताक्रूज मुम्बई द्वारा 2000 में तथा उत्तर प्रदेश हिन्दी संस्थान, लखनऊ द्वारा 'वेदों में विज्ञान' ग्रन्थ पर 20,000 रुपये के पुरस्कार प्राप्त हुए हैं। आपकी कृतियों पर विभिन्न प्रदेशों तथा संस्थानों द्वारा अनेक पुरस्कार प्राप्त हुए हैं।

सुरीनाम के राष्ट्रपति ने 1990 में और मारीशस के राष्ट्रपति ने 1991 में आपका विशेष सम्मान किया था। विदेशों में लन्दन यूनिवर्सिटी के प्राच्य विभाग ने 1989 में, फ्रैंकफर्ट यूनिवर्सिटी के हिन्दी विभाग ने 1989 में, ईस्ट-वेस्ट यूनिवर्सिटी, न्यूयार्क ने 1990 में, टोरंटो यूनिवर्सिटी संस्कृत विभाग ने 1990 में, सुरीनाम यूनिवर्सिटी के मेडिकल कालेज ने 1990 में, गुयाना यूनिवर्सिटी के साइंस विभाग ने 1990 में आपका सार्वजनिक अभिनन्दन किया।

पुरस्कार—आपकी इन रचनाओं पर उत्तर प्रदेश एवं केन्द्रीय सरकार से पुरस्कार प्राप्त हुए हैं—(1) अर्थविज्ञान और व्याकरणदर्शन 1952, (2) संस्कृत व्याकरण 1972, (3) संस्कृत निबन्धशतकम् 1977, (4) राष्ट्रगीतांजलि: 1981, (5) भक्ति-कुसुमाञ्जलि: 1990, (6) अथर्ववेद का सांस्कृतिक अध्ययन 1991, (7) वेदों में आयुर्वेद 1995, (8) आत्मविज्ञानम् 1995, (9) वेदों में राजनीतिशास्त्र 1997, (10) वेदों में विज्ञान 2004।

पद्मश्री डॉ० कपिलदेव द्विवेदी के प्रमुख ग्रन्थ

शोध-ग्रन्थ

The Essence of the Vedas
पृष्ठ : 315 + 12, मूल्य : 200.00

A Cultural Study of Atharvaveda
पृष्ठ : 569 + 12, मूल्य : 300.00

वेदों में आयुर्वेद पृष्ठ : 296 + 16, मूल्य : 200.00

वेदों में राजनीतिशास्त्र
पृष्ठ : 352 + 16, मूल्य : 200.00

वेदों में विज्ञान पृष्ठ : 304 + 16, मूल्य : 250.00

वैदिक दर्शन पृष्ठ : 220 + 16, मूल्य : 250.00

अथर्ववेद का सांस्कृतिक अध्ययन
पृष्ठ : 512 + 14, मूल्य : 250.00

साधना और सिद्धि पृष्ठ : 292 + 12, मूल्य : 250.00

शर्मण्याः प्राच्यविदः पृष्ठ : 120 + 8, मूल्य : 40.00

राष्ट्रगीतांजलिः पृष्ठ : 206 + 10, मूल्य : 25.00

भक्ति-कुसुमांजलिः पृष्ठ : 160, मूल्य : 50.00

आत्मविज्ञानम् (महाकाव्यम्)
पृष्ठ : 195 + 8, मूल्य : 75.00

गीतांजलिः पृष्ठ : 112, मूल्य : 75.00

अभिनन्दन-ग्रन्थ

अभिनन्दन भारती एवं संस्कृत वाङ्मय में पर्यावरण चेतना
पृष्ठ : 396 + 12, मूल्य : 300.00

वेदामृतम् ग्रन्थमाला

सुखी जीवन	50.00
सुखी गृहस्थ	50.00
सुखी परिवार	50.00
सुखी समाज	35.00
आचार शिक्षा	50.00
नीति शिक्षा	55.00
वेदों में नारी	35.00
वैदिक मनोविज्ञान	55.00
यजुर्वेद-सुभाषितावली	35.00
सामवेद-सुभाषितावली	35.00
अथर्ववेद-सुभाषितावली	75.00
ऋग्वेद-सुभाषितावली	120.00

अन्य संस्कृत ग्रन्थ

अभिज्ञान-शाकुन्तलम् (अनुवाद एवं व्याख्या)	110.00
उत्तर-रामचरितम् (अनुवाद एवं व्याख्या)	115.00
प्रतिमानाटकम् (अनुवाद एवं व्याख्या)	48.00
संस्कृत साहित्य का समीक्षात्मक इतिहास	110.00

द्विवेदी सन्तति के प्रमुख ग्रन्थ

स्मृतियों में राजनीति और अर्थशास्त्र	*डॉ० प्रतिभा आर्य*	150
स्मृतियों में नारी	*डॉ० भारती आर्य*	150
नाट्यशास्त्र में आङ्गिक अभिनय	*डॉ० भारतेन्दु द्विवेदी*	125

संस्कृत छात्रों के लिए वैज्ञानिक पद्धति से लिखी गई संस्कृत व्याकरण, अनुवाद, निबन्ध, भाषा विज्ञान तथा वैदिक साहित्य की अनुपम पुस्तकें

संस्कृत शिक्षा (भाग 1 से 3)

(संस्कृत की प्रारम्भिक कक्षाओं के लिए)

संस्कृत के प्रारम्भिक छात्रों के लिए गृह कार्य (Desk Work) के रूप में लिखी गई ये पुस्तकें अभ्यास-पुस्तिकाओं के रूप में हैं। इनमें सरल रूप में संस्कृत भाषा में लिखने और बोलने का अभ्याय कराया गया है। संस्कृत के प्रारम्भिक छात्रों के लिए ये अत्यन्त उपयोगी पुस्तिकाएँ हैं।

भाग 1	12 रुपये
भाग 2	12 रुपये
भाग 3	15 रुपये
भाग 4, 5	(यंत्रस्थ)

प्रारम्भिक रचनानुवाद-कौमुदी

(हाईस्कूल और मध्यमा के छात्रों के लिए)

यह रचनानुवाद-कौमुदी की पद्धति पर लिखी गई प्रारम्भिक कक्षाओं के लिए संस्कृत-व्याकरण, अनुवाद और निबन्ध की आदर्श पुस्तक है। इसमें केवल 30 अभ्यास, 80 संस्कृत के नियम और 600 शब्दों के द्वारा संस्कृत का ज्ञान कराया गया है। इसके अध्ययन से सामान्य हिन्दी का ज्ञान रखने वाला कोई भी व्यक्ति 3 मास में सरल और शुद्ध संस्कृत लिखना और बोलना सीख सकता है। इसमें हाईस्कूल में निर्धारित सभी शब्दों और धातुओं के रूप दिए गए हैं। साथ ही मुख्य सन्धियों का पूरा विवरण दिया गया है। इसमें परीक्षा के लिए उपयोगी 20 विषयों पर संस्कृत में निबन्ध भी दिए गए हैं। पुस्तक की 2 लाख से अधिक प्रतियों का बिकना इसकी लोकप्रियता का परिचायक है।

पृष्ठ संख्या 152 18 रुपये

रचनानुवाद-कौमुदी

(इण्टरमीडिएट, बी०ए० और शास्त्री के छात्रों के लिए)

यह वैज्ञानिक पद्धति से लिखी गई संस्कृत व्याकरण, अनुवाद और निबन्ध की आदर्श पुस्तक है। इसमें 200 नियमों एवं 1500 शब्दों के द्वारा 60 अभ्यासों में संस्कृत व्याकरण के विशेष उपयोगी नियमों की शिक्षा दी गई है, इसके अध्ययन से सामान्य हिन्दी-ज्ञान वाला व्यक्ति भी 3 या 4 मास में सरल संस्कृत लिख और बोल सकता है। इसमें बी०ए० स्तर तक के लिए उपयोगी सभी शब्दरूप और धातुरूप दिए गए हैं, साथ ही संक्षिप्त धातुकोश, प्रत्ययविचार, संधिविचार, 20 सरल संस्कृत में निबन्ध, छन्द-परिचय और पारिभाषिक शब्दों का विवरण दिया गया है। इसकी 2 लाख से अधिक प्रतियों का बिकना इसकी लोकप्रियता का परिचायक है।

पृष्ठ संख्या 272 + 16 मूल्य : 50 रुपये

प्रौढ-रचनानुवाद कौमुदी

(एम०ए० और आचार्य के छात्रों के लिए)

यह वैज्ञानिक पद्धति से लिखी गई संस्कृत व्याकरण, अनुवाद और निबन्ध की आदर्श पुस्तक है, यह संस्कृत के उच्चस्तरीय ज्ञान के लिए अत्यन्त उपयोगी पुस्तक है। इसमें 300 नियमों और 1500 शब्दों के द्वारा 60 अभ्यासों में समस्त संस्कृत व्याकरण की शिक्षा दी गई है। इसमें दैनिक प्रयोग के शब्दों का भी संकलन किया गया है। भोजन, अन्न-पान, प्रसाधन, मिष्टान्न, आभूषण, खेलकूद, फल-फूल आदि से संबद्ध सैकड़ों शब्दों का प्रयोग करना सिखाया गया है।

प्रत्येक अभ्यास में 25-30 मुहावरों का प्रयोग करना सिखाया गया है। उच्चस्तरीय संस्कृत के ज्ञान के लिए आवश्यक समस्त संस्कृत व्याकरण का इसमें समावेश किया गया है। इसमें 100 शब्दों के रूप और 100 धातुओं के सभी लकारों के रूप दिए गए हैं। अन्य 500 धातुओं के 10 लकारों के संक्षिप्त रूप दिए गए हैं। इसमें 75 सन्धि-नियम दिए गए हैं। 100 धातुओं के आदि प्रत्यय लगाकर बनने वाले रूपों का चार्ट भी दिया गया है। पुस्तक में 24 अति महत्त्वपूर्ण 20 विषयों पर सरल संस्कृत में निबन्ध दिए गए हैं। विविध विषयों पर लगभग 2000 सुभाषित विषयानुसार दिए गए हैं। ग्रन्थ के अन्त में पारिभाषिक शब्दकोश और हिन्दी-संस्कृत शब्दकोश भी दिया गया है। इसके 11 संस्करण प्रकाशित हो चुके हैं।

पृष्ठ संख्या 440 + 12 सजिल्द : 180 रुपये
अजिल्द : 100 रुपये

संस्कृत व्याकरण एवं लघु-सिद्धान्त-कौमुदी

(एम०ए० संस्कृत, शास्त्री आदि के लिए)

संस्कृतभाषा के व्याकरण के ज्ञान के लिए यह सर्वोत्तम ग्रन्थ है। इसमें भूमिका में संस्कृत व्याकरणशास्त्र का विस्तृत इतिहास दिया गया है, सम्पूर्ण लघु-सिद्धान्तकौमुदी हिन्दी अनुवाद और विस्तृत व्याख्या के साथ दी गई है। सिद्धान्तकौमुदी से कारक-प्रकरण व्याख्या सहित दिया गया है। साथ ही ग्रन्थ की उपयोगिता को बढ़ाने के लिए संक्षिप्त वैदिक व्याकरण, स्वर-सम्बन्धी नियम, वैदिक छन्द-परिचय, संक्षिप्त प्राकृत व्याकरण और पारिभाषिक शब्दकोश भी दिया गया है। संस्कृत व्याकरण की सरल और वैज्ञानिक व्याख्या के लिए यह ग्रन्थ आदर्श है।

पृष्ठ संख्या 560 मूल्य : सजिल्द 300 रुपये
अजिल्द 170 रुपये

संस्कृत-निबन्ध-शतकम्

(एम०ए०, आई०ए०एस०, पी०सी०एस०, आचार्य आदि के लिए)

इसमें सरल एवं सुललित भाषा में उच्चस्तरीय परीक्षाओं के लिए उपयुक्त 100 विषयों पर संस्कृत में निबन्ध दिए गए हैं। इसमें वैदिक एवं शास्त्रीय विषयों पर 10, दार्शनिक विषयों पर 6, काव्यशास्त्रीय 11, साहित्यिक 15, भाषाशास्त्रीय 5, सांस्कृतिक 9, सामाजिक 5, आर्थिक 6, राष्ट्रीय 8, शिक्षाशास्त्रीय 8 एवं विविध विषयों पर 20 निबन्ध दिए गए हैं। पुस्तक सभी प्रतियोगी परीक्षाओं के लिए अत्यन्त उपयोगी है।

पृष्ठ संख्या 324 मूल्य : 80 रुपये

अर्थविज्ञान और व्याकरण दर्शन

(अर्थविज्ञान-विषयक प्रामाणिक शोधग्रन्थ)

यह भाषाशास्त्रीय प्रामाणिक शोधग्रन्थ है। इसमें अर्थविज्ञान (Semantics) विषय पर भारतीय वैयाकरणों के गहन चिन्तन का विशद विवेचन है। पतंजलि के महाभाष्य और भर्तृहरि के वाक्यपदीय का गहन अनुशीलन है। साथ ही अन्य दार्शनिकों के मन्तव्यों का भी विवेचन प्रस्तुत किया गया है। इसमें 9 अध्यायों में मुख्य रूप से इन विषयों का वर्णन है— शब्द और अर्थ का स्वरूप, अर्थ-विकास, अर्थनिर्णय के साधन, शब्द और अर्थ का सम्बन्ध, शब्दशक्ति, पद और पदार्थ, वाक्य और वाक्यार्थ, स्फोटवाद और अर्थविज्ञान।

पृष्ठ संख्या 370 + 30 मूल्य : 400 रुपये

भाषा विज्ञान एवं भाषाशास्त्र

(संस्कृत तथा हिन्दी एम०ए० के लिए)

इसमें भाषाशास्त्रीय नवीनतम अनुसंधानों का समन्वय करते हुए भाषाविज्ञान और भाषाशास्त्र का प्रामाणिक एवं सारगर्भित विवेचन प्रस्तुत किया गया है। इसमें भाषा, ध्वनि-विज्ञान, पद-विज्ञान, वाक्य-विज्ञान, अर्थविज्ञान, विश्व की समस्त भाषाओं का आकृतिमूलक एवं पारिवारिक वर्गीकरण, भारोपीय परिवार, भारतीय आर्यभाषाएँ, स्वनिम, पदिम, रूपिम, आर्थिक, स्वनिम-विज्ञान, भाषाशास्त्र का इतिहास एवं लिपि का इतिहास आदि विषयों का प्रामाणिक विवेचन हुआ है। पुस्तक सभी विश्वविद्यालयों की आवश्यकताओं को ध्यान में रखकर लिखी गई है। पृष्ठ संख्या 525

मूल्य : सजिल्द 250 रुपये अजिल्द 120 रुपये

वैदिक साहित्य एवं संस्कृति

(संस्कृत एम०ए० एवं आचार्य आदि के लिए)

यह वैदिक साहित्य-विषयक प्रामाणिक ग्रन्थ है। इसमें वैदिक साहित्य का सर्वांगीण विवेचन प्रस्तुत किया गया है। साथ ही वेदकालीन संस्कृति का भी संक्षिप्त विवेचन किया गया है। इसमें 13 अध्यायों में मुख्य रूप से इन विषयों का प्रतिपादन है— वेदों का महत्त्व, वेदों का रचनाकाल, वेद और भारतीय एवं पाश्चात्य विद्वान्, वैदिक संहिताएँ, ब्राह्मण ग्रन्थ, आरण्यक ग्रन्थ, उपनिषद् ग्रन्थ, 6 वेदांग— शिक्षा, व्याकरण, छन्द, निरुक्त, ज्योतिष एवं कल्पसूक्त, वैदिक संस्कृति, भूगोल एवं सामाजिक जीवन, वैदिक अर्थव्यवस्था, वैदिक राजनीतिक अवस्था, वैदिक देवों का स्वरूप, वैदिक यज्ञमीमांसा, वैदिक व्याकरण, स्वरप्रक्रिया, वेदों में विज्ञान के सूक्त, वेदों में काव्यसौन्दर्य और ललित कलाएँ।

पृष्ठ सं० 370 + 16 मूल्य : सजिल्द 250 रुपये

छात्र संस्करण 125 रुपये

साधना और सिद्धि

यह योग-साधना पर लिखी गई प्रामाणिक पुस्तक है। इसमें योग-साधना से सम्बद्ध सभी विषयों का विस्तृत विवरण दिया गया है। आसन, प्राणायाम, प्रत्याहार, धारणा, ध्यान और समाधि का विस्तृत विवेचन है। इसमें कुण्डलिनी-जागरण और योग से 50 प्रमुख रोगों के उपचार का विवरण भी दिया गया है।

पृष्ठ : 292 + 12 मूल्य : 250 रुपये

वेदों में विज्ञान

प्रस्तुत ग्रन्थ 11 अध्यायों में विभक्त है। इसमें भौतिकी, रसायन-विज्ञान, वनस्पतिशास्त्र, जन्तु-विज्ञान, प्रौद्योगिकी, कृषि, गणितशास्त्र, ज्योतिषशास्त्र, जन्तुविज्ञान, पर्यावरण और भूगर्भ-विज्ञान विषयों पर वेदों में उपलब्ध सामग्री को वैज्ञानिक विचारधारा के अनुसार सन्दर्भसहित प्रस्तुत किया गया है। प्रत्येक विषय से संबद्ध मंत्र आदि भावार्थ के साथ दिए गए हैं।

पृष्ठ : 304 + 16 मूल्य : 300 रुपये

लघुसिद्धान्तकौमुदी

मूल्य : 20 रुपये

(समास एवं कारक प्रकरण)

लघुसिद्धान्तकौमुदी

मूल्य : 20 रुपये

(संज्ञा एवं सन्धि प्रकरण)

विश्वविद्यालय प्रकाशन द्वारा प्रकाशित प्रमुख संस्कृत ग्रन्थ

लघुसिद्धान्तकौमुदी *डॉ० मुरलीधर पाण्डेय* 30
लघुसिद्धान्तकौमुदी *डॉ० रामअवध पाण्डेय व डॉ० रविनाथ मिश्र* 40
बालसिद्धान्तकौमुदी *ज्योतिस्वरूप मिश्र* 50
सिद्धान्त-कौमुदी (कारक प्रकरण) *ज्योतिस्वरूप मिश्र, उर्मिला मोदी* 20
पाणिनीय शिक्षा *डॉ० कमलाप्रसाद पाण्डेय* 24
भामिनी विलास का प्रस्ताविक-अन्योक्तिविलास *सं० पं० जनार्दन शास्त्री* 50
अङ्कारप्रस्थान-विमर्श: *डॉ० लक्ष्मीनारायण सिंह* 25
अलङ्कार-दर्पण (साहित्य-दर्पण दशम् परिच्छेद एवं छन्दोमञ्जरी) *डॉ० जनार्दन गङ्गाधर रटाटे* 15
चन्द्रालोक-सुधा एवं छन्दोमञ्जरी-सुधा *विश्वम्भरनाथ त्रिपाठी* 30
अभिनव रस सिद्धान्त *डॉ० दशरथ द्विवेदी* 40
अभिनव का रस-विवेचन *नगीनदास पारेख* 100
चन्द्रालोक (1 से 4 मयूख) *डॉ० भारतेन्दु द्विवेदी* 40
वक्रोक्तिजीवितम् *डॉ० दशरथ द्विवेदी* 100
रसाभिव्यक्ति *डॉ० दशरथ द्विवेदी* 150
ध्वन्यालोक (दीपशिखा टीका सहित) *डॉ० चण्डिकाप्रसाद शुक्ल यंत्रस्थ*
मृच्छकटिक : शास्त्रीय, सामाजिक एवं राजनीतिक अध्ययन *डॉ० शालग्राम द्विवेदी* 100
उपरूपकों का उद्भव और विकास *डॉ० इन्द्रा चक्रवाल* 100
संस्कृत के प्रतीकात्मक नाटक *डॉ० आशारानी त्रिपाठी* 225
संस्कृत साहित्य का अभिनव इतिहास *डॉ० राधावल्लभ त्रिपाठी* 350
संस्कृत साहित्य की कहानी *उर्मिला मोदी* 50
भारतीय दर्शन का सुगम परिचय *डॉ० शिवशंकर गुप्त* 80
भारतीय संस्कृति के मूल तत्त्व *डॉ० ब्रजवल्लभ द्विवेदी* 80
भारतीय दर्शन : सामान्य परिचय ,, 150

कोश तथा भाषाशास्त्र

संस्कृत का भाषाशास्त्रीय अध्ययन *डॉ० भोलाशंकर व्यास* 80
शिवराम त्रिपाठी कृत लक्ष्मीनिवास कोश (उणादि कोश) *डॉ० रामअवध पाण्डेय* 40

वैदिक-साहित्य

वेद व विज्ञान *स्वामी प्रत्यगात्मानन्द सरस्वती* 180
वेदचयनम् *विश्वम्भरनाथ त्रिपाठी* 60
ऋङ्मणिमाला *डॉ० हरिदत्त शास्त्री* 45
ऋग्वेदभाष्यभूमिका *डॉ० हरिदत्त शास्त्री* 40

पालि-प्राकृत-अपभ्रंश

पालि-प्राकृत-अपभ्रंश-संग्रह *डॉ० रामअवध पाण्डेय तथा डॉ० रविनाथ मिश्र* 80
पालि-संग्रह ,, 20
पालि-साहित्य का इतिहास *डॉ० कोमलचन्द्र जैन* 25

संस्कृत साहित्य

(मूल ग्रन्थ, समीक्षा सहित)

भुशुण्डि रामायण : कथावस्तु तथा समीक्षा *डॉ० भगवतीप्रसाद सिंह* 50
भुशुण्डि रामायण (पूर्व खण्ड) *सं० डॉ० भगवतीप्रसाद सिंह* 200
भर्तृहरिकृत नीतिशतकम् *डॉ० देवर्षि सनाढ्य* 16
शांकरवेदान्ते तत्व-मीमांसा *डॉ० के०पी० सिन्हा* 40
शृंङ्गारमञ्जरी सट्टकम् (श्रीमद्विश्वेश्वर) *सं० बाबूलाल शुक्ल* 20
मुद्राराक्षसम् *सं० डॉ० रमाशंकर त्रिपाठी* 100
किरातार्जुनीयम (प्रथम सर्ग:) *भारवि रचित* 15
कादम्बरी : कथामुखम् *डॉ० विश्वम्भरनाथ त्रिपाठी* 40
उत्तररामचरितम् *डॉ० रामअवध पाण्डेय* 120
कठोपनिषद (प्रथम अध्याय) *डॉ० रविनाथ मिश्र* 15
मेघदूतम् (कालिदास) *डॉ० रमाशंकर त्रिपाठी* 50
दशरूपकम् *पं० रमाशंकर त्रिपाठी* 150
अभिज्ञानशाकुन्तलम् *सं० डॉ० शिवशंकर गुप्त* 80
कुमार संभवम् (प्रथम सर्ग) *डॉ० भारतेन्दु द्विवेदी* 30
तैत्तिरीय प्रातिशाख्यम् *डॉ० कमलाप्रसाद पाण्डेय* 20
ईशवास्योपनिषद *डॉ० भारतेन्दु द्विवेदी* 25

विश्वविद्यालय प्रकाशन, वाराणसी

प्रमुख ग्रन्थ

मनीषी, संत, महात्मा

अघोरपंथ और संत कीनाराम *डॉ० सुशीला मिश्र* 250.00
शिवस्वरूप बाबा हैड़ाखान *सद्गुरुप्रसाद श्रीवास्तव* 150.00
नीब करौरी बाबा के अलौकिक प्रसंग *बच्चन सिंह* 250.00
उत्तराखण्ड की सन्त परम्परा *डॉ० गिरिराज शाह* 150.00
सोमबारी महाराज *हरिश्चन्द्र मिश्र* 50.00
सन्त रैदास *श्रीमती पद्मावती झुनझुनवाला* 60.00
स्वामी दयानन्द जीवनगाथा *डॉ० भवानीलाल भारतीय* 120.00
सूर्य विज्ञान प्रणेता योगिराजाधिराज स्वामी विशुद्धानन्द परमहंसदेव : जीवन और दर्शन *नन्दलाल गुप्त* 140.00
Yogirajadhiraj Swami Vishuddhanand Paramhansdeva : Life & Philosophy *N.L. Gupta* 400.00
